भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †3719
सोमवार, 24 मार्च, 2025/03 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तिरुनेलवेली में पर्यटन को बढ़ावा देना

†3719. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा तिरुनेलवेली जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पहचान किए गए स्थलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इसके लिए संस्वीकृत और संवितरित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के विकास और संवर्धन द्वारा राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है। तमिलनाडु राज्य के लिए मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) और "विदेशी संवर्धन और प्रचार (ओपीपी)" की अपनी योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न पहलों के माध्यम से तमिलनाडु के स्थलों सहित भारत को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। चल रही अपनी गतिविधियों के भाग के रूप में यह भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए नियमित रूप से अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, ऑनलाइन और आउटडोर मीडिया अभियान जारी करता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों को भी नियमित रूप से बढ़ावा देता है।

*****

अनुबंध

श्री रॉबर्ट ब्रूस सी द्वारा तिरुनेलवेली में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 24.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3719 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(i) तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी/प्राधिकृत राशि***
1	तटीय परिपथ	2016-17	(चेन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मनपदु-कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03

* इसमें केन्द्रीय क्षेत्र योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि शामिल है।

(ii) तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरियंस का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**
1	मामल्लापुरम (तमिलनाडु)	शोर मंदिर में अद्भुत अनुभव	2023-24	30.02

*****